<u>प्रतिवेदन</u>

कार्यक्रम – राज्य स्तरीय खो–खो महिला प्रतियोगिता बिलासपुर

आयोजक – क्रीड़ा विभाग

दिनांक – 05/11/2018

दल प्रबंधक प्रो0 सरला जोगी के साथ महात्मा गांधी शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय खरसिया की उनिता, तारावती, कुसुम, सीता व माधुरी एवं अन्य महाविद्यालयों की छात्रा खिलाड़ियों ने दिनांक 05 नवम्बर 2018 को राज्य स्तरीय खो–खो महिला प्रतियोगिता के ट्रायल के लिए बिलासा महिला महाविद्यालय बिलासपुर प्रस्थान किए।

क्रीड़ाधिकारी डॉ0 रमेश टण्डन ने जानकारी दी कि 18 सितम्बर को खरसिया में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था, जिसमें खरसिया को विजेता का खिताब मिला एवं प्रतियोगिता के दौरान श्रेष्ठ खिलाड़ियों का भी चयन किया गया। यही खिलाड़ी 05 नवम्बर को बिलासपुर की प्रतियोगिता में हिस्सा लेने गए हैं। ये खिलाड़ी हैं– एम जी खरसिया से उनिता, तारावती, कुसुम, सीता व माधुरी; पी डी रायगढ़ से अंजू सिदार, मालती, प्रिया व अल्पना; धरमजयगढ़ से बसंती व यशोदा तथा तमनार से मंदाकिनी। प्रतियोगिता में कोरबा सेक्टर व बिलासपुर सेक्टर से भी छात्राएँ हिस्सा ले रही हैं। जो छात्राएँ चयनित होंगी वे बिलासपुर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगी और राज्य के बाहर बिलासपुर का नाम रौशन करेंगी। इससे पहले राज्य के अन्तर्गत संचालित विभिन्न विश्वविद्यालयों की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता भी सम्पन्न होगी।

प्रतियोगिता में सम्मिलित छात्राओं को प्राचार्य डॉ0 पी सी घृतलहरे, क्रीड़ाधिकारी डॉ0 आर के टण्डन, प्रो0 एम एल धीरही, डॉ0 पी एल पटेल, प्रो0 सरला जोगी, प्राचार्य डॉ0 पवन अग्रवाल, प्राचार्य प्रो0 प्रभा गुप्ता, प्राचार्य प्रो0 लकड़ा, प्रो0 विनोद साहू, प्रो0 डी सी पटेल, प्रो0 तिग्गा, प्रो0 कमल सिन्हा सहित प्राध्यापक परिवार रायगढ़ जिला ने बधाइयाँ एवं शुभकामनाएँ दी हैं।